## सार-समाचार

### भामाशाह निर्मल कुमार बैंद होंगे आज शिक्षा भूषण से सम्मानित

**राजलदेसर।** राजलदेसर कस्बे के भामाशाह जिन्होंने अपने विभिन्न ट्रस्ट पूनम चंद कान कवरी चैरिटेबल ट्रस्ट, ठोट स्टोन फाउंडेशन रिटेल लिमिटेड, सेठ मनालाल बैंद चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकता के माध्यम से राजलदेसर ही नहीं अपित यू अनेको जगह पर शिक्षा के मंदिरों में चिकित्सा क्षेत्र में सामाजिक क्षेत्र में जरूरतमंद परिवार की कन्याओं की शादी में करोड़ों रुपए खर्च किए हैं इसके जरूरतमंद रोगियों का आंखों का ऑपरेशन गौ सेवा में सहयोग प्रदान करना आदि कार्य उनके द्वारा लगातार जारी रहते हैं वही कस्बे के महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में करीबन 30 लाख रुपए से अधिक राशि के चार बड़े रूम का निर्माण करवाया है इसके अलावा विद्यालय में भौतिक संसाधन भी उपलब्ध करवाए हैं इसी प्रकार हाल ही में पीएम श्री राजकीय गर्ल्स स्कूल में करीबन 2 करोड़ से अधिक की राशि की बिल्डिंग का निर्माण उनके द्वारा करवाया जा रहा है जो अगले वर्ष तक संपन्न होने की गुंजाइश है शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर आज जयपुर में शिक्षा भूषण से सम्मानित किया जाएगा भामाशाह निर्मल कुमार बैंद को शिक्षा भूषण से सम्मानित होने की जैसे ही कस्बे में खबर मिली जैन समाज राजलदेसर कस्बे की तमाम सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सरकारी विद्यालय के गुरुजनों ने भामाशाह निर्मल कुमार बैंद को बधाई दी इसी प्रकार उनके प्रेरक के रूप में जयपुर में होने वाले कार्यक्रम में उनके प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष पवन बोथरा को किया जाएगा सम्मानित इसी प्रकार राजकरण विनायक को जिला स्तर पर आज सुजानगढ़ में सम्मानित किया जाएगा।

### पीडब्लूडी कार्यालय के सामने दिया धरना

**झुंझुनूं।** शुक्रवार को एसई पीडब्लूडी कार्यालय के सामने संवेदक संघर्ष समिति ने अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन मे धरना देकर प्रदर्शन किया तथा नारे लगाए। धरने पर मोहरसिंह सोलाना, मोहनसिंह डोटासरा, सत्यनारायण खेड़ला, राजेश मंडीवाल, लालचंद यादव, अनिल झाझड़िया, दलबीरसिह, उम्मेदसिंह चाहर, कुलदीप कटेवा, शीशराम, सुरेशचंद्र, वीरेंद्रसिंह नैण, महेंद्रसिंह झाझड़िया, दिपक शिवरायन, विजेंद्र लमोरिया, महमूद, इस्पाक खान, राजेंद्र मंडीवाल, महिपाल पटेल, शैलेंद्र मान, महेंद्रसिंह चाहर, छाजूराम, जितेंद्रसिंह, महिपाल सिंह पटेल आदि धरने पर बैठे। धरना निरंतर जब तक मांग नहीं माने जाने तक चलेगा।

### शिविर में मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

**सीकर।** उपखण्ड अधिकारी फतेहपुर दमयंति कंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत नयाबास में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत मुख्यालय पर किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं और आवश्यक दस्तावेजों के वितरण के माध्यम से ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई। शिविर में ओनाड सिंह पुत्र रामकुमार जाट निवासी नयाबास को उनके पिता रामकुमार का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ओनाड सिंह बीते कई दिनों से इस प्रमाण पत्र के अभाव में कई प्रकार की परेशानियों से जूझ रहे थे। कई सरकारी व व्यक्तिगत कार्य रुके हुए थे, और वह इसे प्राप्त करने के लिए रोजाना अपनी मजदूरी छोड़कर सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे। इससे न केवल उनका समय बर्बाद हो रहा था, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती जा रही थी।

### शिविर में 205 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 205 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, कैलाशचंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, रमेशचंद्र अग्रवाल, डॉ. मूलसिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### तुलसी लगे गमले बांटे

**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी लगे गमलों का वितरण गिन्नीदेवी राधावल्लभ खेतान ट्रस्ट के सौजन्य से शुक्रवार को कमल गॉर्डन एवं आसपास के एरिया में किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इस अवसर पर तुलसी लगे गमलों का वितरण आनंद अग्रवाल सहित अन्य जन की उपस्थिति में किया गया। विदित है कि तुलसी लगे गमलों का पिछले कई वर्षों से लगातार वितरण किया जा रहा है एवं शहर की चुनिंदा विभिन्न एरिया एवं विभिन्न कॉम्प्लेक्सों में वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन्हें भी तुलसी लगे गमला लगा लेना हो चूणा चौक रानी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस पर आकर ले सकता है।

### शाकंभरी माता को लगाई धोक

**झुंझुनूं।** नवरात्र पर विशेष गुप्त नवरात्र के धार्मिक पर्व पर विप्र सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने माता शाकंभरी के दरबार में पहुंचे। इस अवसर पर माता शाकंभरी की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भामाशाह सुरेश शर्मा मनफरा, पुजारी सेवक महासंघ के जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, अनंत पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा ढाणी वाला, रमेश शर्मा सेवानिवृत्ति शाखा प्रबंधक यूको बैंक, जाट समाज के सुमेर सिंह कड़वासरा व अनूप शर्मा आदि उपस्थित थे।

### अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन

**सीकर।** सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस लोटस वैली के पीसीपी प्री-फाउंडेशन डिविजन में क्लास टेस्ट व माइक्रो टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, कोर्डिनेटर मंजन कुमार व फैकल्टी मेंबर्स ने टॉपर्स विद्यार्थियों को मेडल, रजिस्टर व पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा ने बताया कि पीसीपी प्री-फाउंडेशन में कक्षा 6 से ही प्रत्येक विद्यार्थी को आईएनजेएसओ, आईएमओ, एनएमटीसी सहित विभिन्न ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जाती है।

### लाभार्थियों का ऑनलाईन पंजीयन अनिवार्य

**सीकर।** कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला जिला सैनिकै कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि ''द्वितीय विश्व युद्ध (नोन पेंशनर), सम्मान भत्ते एवं शौर्य पदक धारक लाभार्थियों का ऑटोमेशन (ऑनलाईन) के लिए विभाग द्वारा संचालित सैनिक वेलफेयर मैनेजमेंट पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन किया जाना है। इन लाभार्थियों को प्रदत्त सुविधाओं को प्रत्यक्ष लाभअन्तरण योजना (डी-बी.टी) के अन्तर्गत लिया गया है तथा आगामी माह से पोर्टल पर पंजिकृत लाभार्थियों को ही नकद सुविधाओं का लाभ दिया जावेगा। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी द्वितीय विश्व युद्ध, सम्मान भत्ते एवं शौर्य पदक धारक लाभार्थियों को सूचित किया है कि यथाशीघ्र पोर्टल पर पंजीयन एवं आवेदन करवायें।

### जिला स्तरीय कार्यशाला कल

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 29 जून को प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद् प्रो.पी.सी. महालनोबिस के 132वें जन्म दिवस 29 जून 2025 को 19वें सांख्यिकी दिवस पर आयोजित होने वाली जिला स्तरीय कार्यशाला प्रातः 10.30 बजे रेल्वे स्टेशन के पास होटल रोयल इन में आयोजित की जायेगी।

### आज आयोजित होंगे शिविर

**सीकर।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि 28 जून को उपखण्ड नीमकाथाना की ग्राम पंचायत गणेश्वर, गांवडी, महावा, दांतारामगढ़ की ग्राम पंचायत मेई, चक, तहसील पलसाना की अलोदा, मंढा में प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# नीली थीम और विदेशी नीले लाल फूलों से सजाई गई जगन्नाथ भगवान की झांकी

- **सीकर जगन्नाथ रथ यात्रा का कोटा में तैयार हुआ 24 फीट व 2.50 टन वजनी रथ**



भगवान जगन्नाथ की सातवीं रथ यात्रा का आयोजन हुआ।

**सीकर।** भगवान जगन्नाथ की सातवीं रथ यात्रा का आयोजन शुक्रवार को शाम 4 बजे शहर के रामलीला मैदान से हुआ। जिसमें कोटा में बने 24 फीट ऊंचे और 2.50 टन वजनी रथ में भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा माता की प्रतिमा विराजित कर शहर के रामलीला मैदान से रथ यात्रा शुरू हुई जो कल्याणजी मंदिर, सूरजपोल गेट, पुराना अजमेर बस स्टैंड, सूरज कोलगेट, जाट बाजार, तापड़िया बगीची होते हुए बजाज रोड स्थित जैन भवन पहुंची। जहां भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का समापन हुआ। रथ यात्रा के दौरान हरे रामा, हरे कृष्णा और हरि कीर्तन के साथ हजारों श्रद्धालु नाचते गाते और झूमते बाबा जगन्नाथ के रथ को खींचते नजर आए।

यात्रा के दौरान युग धर्म और हरी नाम संकीर्तन भी भक्तों द्वारा निरंतर किया जा रहा था। शहर में जगह-जगह भगवान जगन्नाथ के रथ पर पुष्प वर्षा की गई। आपको बता दे कि उड़ीसा में होने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा हर साल आषाढ़ शुक्ल की द्वितीया तिथि को निकल जाती है। इसी तरह पर इसबार सीकर में भी आषाढ़ शुक्ल की द्वितीया तिथि को ही यात्रा निकाली गई है।

इस बार सीकर में निकली जगन्नाथ रथ यात्रा की थीम नीली रखी गई थी। जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा महारानी को नीली पोशाक पहनाई गई और रथ की सजावट व भक्तों की वेशभूषा भी नीली रही। रथ की सजावट में उपयोग किए गए फूल भी नीले रंग के ही थे। इस्कॉन प्रवक्ता ललित गोविंदास में बताया कि आज यह जगन्नाथ यात्रा सीकर इस्कॉन की सातवीं रथ यात्रा है और आषाढ़ शुक्ल दूज इसी दिन जगन्नाथ पुरी उड़ीसा में भी रथ यात्रा का आयोजन होता है। आज सीकर में भी इसी दिन यात्रा का आयोजन हुआ इसमें हमने भगवान जगन्नाथ की पसंद नीले रंग की थीम राखी भगवान जगन्नाथ की पोशाक से लेकर भक्तो महिलाएं व सभी बच्चों की ड्रेस फूल शहर पर में लगाए गए बोर्ड निमंत्रण पत्र सभी चीजों को नीले रंग की थीम पर रखा वह जगन्नाथ यात्रा शहर के रामलीला मैदान से 4:00 बजे शुरू हुई जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जैन भवन पहुंची जहां पर जगन्नाथ भगवान की आरती हुई और सभी भक्तों ने जोर-जोर से संकीर्तन किया जिसमें इस्कॉन वृंदावन इस्कॉन जयपुर सहित विभिन्न जगहों से भक्त आए वह पूरी यात्रा के दौरान सभी भक्तों में बहुत ही उत्साह रहा पिछले साल किसी कारणवश व्रत की व्यवस्था न होने से यात्रा नहीं निकल गई थी लेकिन इस बार जयपुर इस्कॉन द्वारा कोटा में 24 फीट ऊंचा वह 2.50 टन वजनी रथ बनवाया गया।

# सीकर जिले में 90696 व्यक्तियों को गिवअप किया

- **राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा**
- **गिव अप अभियान में सीकर जिले में 360 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी**

**सीकर,।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्डः परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है।

जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा सीकर जिले में 90696 व्यक्तियों को गिव अप किया।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना पोर्टल खोला गया, जिसमें आज तक राजस्थान में 20.80 लाख व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया, जिसमें सीकर जिले में 236482 व्यक्तियों को जोड़ा गया। गिव अप अभियान में सीकर जिले में 360 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे। प्रत्येक प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक अब रोजना उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर अपात्र व्यक्तियों की उचित मूल्य दुकानदारो के सहयोग से सूची तैयार करेंगे तथा वसूली एवं नोटिस संबंधी कार्यवाही भी करेंगे।

खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे और बसूली की कार्यवाही की जायेगी।

## बैडमिंटन एकेडमी में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

**झुंझुनूं।** राजस्थान बैडमिंटन संघ जयपुर से संबद्ध जिला बैडमिंटन संघ झुंझुनूं द्वारा झुंझुनूं में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 28 व 29 जून को किया जाएगा। जिसमें प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह शनिवार सुबह नौ बजे आयोजित किया जाएगा। जिला बैडमिंटन संघ के मुख्य संयोजक विकास तुलस्यान ने बताया कि प्रतियोगिता की लगभग सभी तैयारियां पूरी है।

पिछले कई वर्षों से झुंझुनूं बैडमिंटन संघ सफलतापूर्वक अनेक बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन करता आ रहा है। संघ का उद्देश्य है कि जिले की प्रतिभाएं बैडमिंटन में बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य एवं जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में गर्ल्स और बॉयज एकल के अंडर 11, 13, 15, 17 व 19 आयु वर्ग के, मिक्स डबल्स के अंडर 15, 17, 19 एवं सीनियर वर्ग के, महिला व पुरुष सीनियर तथा वेटरन्स के मुकाबले खेले जाएंगे।

## निशान का जुलूस निकाला

**झुंझुनूं।** इस्लामिक नया साल शुरू होने के बाद शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद मुहर्रम के आगाज की तैयारियों को लेकर मोहल्ला चेजारा व मोहल्ला पीरजादान में बैंड बाजों व ढोल ताशों की मातमी धुनों के बीच निशान का जुलूस निकाला गया। ये जानकारी देते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि निशान जुलूस के दौरान हजरत इमाम हुसैन की याद में जगह जगह छबील बनाकर अकीदतमंदों को पिलाई गई। निशान के जुलूस में बड़ी सख्या में लोग शामिल हुए। मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया कि चांद दिखाई देंने के साथ ही मोहर्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई है। पांच जुलाई को हजरत इमाम हुसैन की याद में कत्ल की रात मनाई जाएगी। छह जुलाई को मुहर्रम मनाया जाएगा।

# पीएफआरडीए बिल निरस्त करने को लेकर आंदोलन मुखर

**चूरूः** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा चूरू की कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार को शिक्षक भवन में उप सभाध्यक्ष सतीश जांगिड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मई-जून में हुई वाहन और पैदल जत्था यात्रा तथा राज्यपरिषद सम्मेलन में जिले की भागीदारी की समीक्षा की गई। साथ ही वृक्षारोपण अभियान, सदस्यता अभियान को जोर-शोर से चलाने, नामांकन बढ़ाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाने पर चर्चा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां व जिला मंत्री वेदपाल मलिक ने कहा कि निजीकरण आधारित नई शिक्षा नीति शिक्षक, शिक्षार्थी और बेरोजगारों के लिए अहितकारी है, जिससे बड़े स्तर पर विद्यालयों को बंद किया जाएगा और पदों को खत्म किया जाएगा। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने इस नीति का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि जुलाई में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण और उप सभाध्यक्ष रतनसिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश मुहाल, गोपीचंद खीचड़, विनोद कस्वां संघर्ष समिति संयोजक लिखमाराम नायक ने बताया कि पीएफआरडीए बिल को निरस्त करने की मांग, शिक्षकों की बकाया डीपीसी पूर्ण करने, स्थानांतरण करने के साथ ही विभिन्न मुद्दों को लेकर संगठन द्वारा 9 जुलाई को जिला स्तर पर विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा। 8 अगस्त को ब्लॉक मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा तथा इसके साथ ही शिक्षकों में मुद्दों की समझ के लिए सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। बैठक को राजगढ़ ब्लॉक मंत्री संजय खीचड़, रतनगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पूनियां, मंत्री भोजराज शर्मा, सरदारशहर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र झोरड़, मंत्री गजानंद मेघवाल, चूरू ब्लॉक मंत्री खादिम अली, जिला कार्यकारिणी सदस्य अमरचंद सांडेला, सुरेश सूंडा, राजपाल दहिया ने संबोधित किया। इस अवसर पर रणवीर सिंह मुनरिया, अलिशेर खान, विनोद निमिवाल, मदनलाल, शेरसिंह पूनिया, कृष्ण ईशरान, संजय पूनिया, नौरंगलाल कस्वां, राजेंद्र सामरिया, चंद्रशेखर कस्वां, अयूब अली, असलम खान, हेतराम चाहर, लालचंद बरोड़, कृष्ण पूनिया, शंकरलाल मीणा, रामचंद्र प्रजापत सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# बाल अधिकारिता विभाग द्वारा बाल नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



बाल नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

**झुंझुनूं।** जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में जिले की एक प्रतिष्ठित निजी संस्था के परिसर में बाल नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य बालकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, समाज में जागरूकता फैलाना तथा उनके समग्र एवं सुरक्षित विकास के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना रहा।

कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक एवं संयोजक अरविंद कुमार ओला सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग ने इस अवसर पर बताया कि वर्तमान समय में बच्चों और किशोरों में नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। जो उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है। इसे रोकने के लिए प्रशासन, समाज, परिवार और स्वयं बच्चों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए जिले के अनेक वरिष्ठ एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे डॉ. महेंद्र केएस सोलंकी, एएसपी हेमंत सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला ने बाल नशा मुक्ति के संदर्भ में अपने विचार रखते हुए समाज को इस दिशा में संकल्पबद्ध होने का आ ान किया। डॉ. महेंद्र केएस सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि पूरे समाज का विनाश करता है। विशेष रूप से जब इसका शिकार हमारे बालक और किशोर होते हैं, तो इसका प्रभाव पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी रूप से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नशीले पदार्थों की बिक्री एवं सेवन प्रतिबंधित है। परंतु इसकी पालना कई बार नहीं हो पाती। ऐसे में जागरूकता के साथ-साथ कानूनी प्रवर्तन भी आवश्यक है। एएसपी हेमंत सिंह ने पुलिस प्रशासन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बच्चों में नशे की पहुंच को रोकने के लिए लगातार छापेमारी, निगरानी एवं कानूनन कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां स्कूली बच्चों की आवाजाही अधिक होती है। डॉ. पवन पूनियां ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्ति अभियानों की जानकारी दी और बताया कि विभाग द्वारा नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना, पुनर्वास सेवाएं एवं परामर्श सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों से आ ान किया कि वे बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन को समझें और यदि कोई नशे की ओर झुकाव दिखे तो तुरंत विशेषज्ञ सहायता लें।

## पंचदिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

**झुंझुनूं।** जिले के भड़ौंदा कलां गांव स्थित पंचपेड़ वृंदावन धाम में संस्कृत भारती जयपुर प्रांत के तत्वावधान में पंच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कृष्णानंद शर्मा ने बताया कि पंच दिवसीय आवासीय भाषा बोधन वर्ग कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस आवासीय भाषा बोधन वर्ग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दादू द्वारा बगड़ के पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. अर्जुनदास महाराज रहे। वहीं अध्यक्षता रामनिवास शर्मा पूर्व संयुक्त निदेशक चूरू ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर चंचलनाथ टीला महंत ओमनाथ जी महाराज, सुरेंद्र सिंह झाझड़िया सरपंच भड़ौंदा कलां, मुख्य वक्ता मुकेश कुमार विभाग प्रचारक रहे। भाषा बोधन वर्ग कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत व्यवस्थापक सुमंत अग्रवाल श्री बिहारी मित्र मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वाणी की देवी वागीश्वरी एवं बुद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश की विधिवत मंत्रोच्चारण, पूजन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए दादूद्वारा बगड़ के पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. अर्जुनदास महाराज ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं अपितु सभी भाषाओं की जननी है। संसार की ऐसी कोई भाषा नहीं जिसमे संस्कृत का योगदान ना हो, संस्कृत हमारी सनातन संस्कृति के मूल सिद्धांतों का ग्रन्थ हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत से सत्संगति मिलती है।

# चूरू में सेवानिवृत कर्मचारी परिवार सहित बैठा धरने पर

- **तीन महीने से नहीं मिली पेंशन, कर्मचारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन**

**चूरू,** शहर में एक पूर्व कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भी पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिलने से नाराज होकर शुक्रवार को कोष कार्यालय के सामने परिवार सहित धरने पर बैठ गया। गौरतलब है कि सेवानिवृत कर्मचारी दिनेश स्वामी कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष भी रहे हैं। उसने शुक्रवार को अपने परिवार के साथ सांकेतिक धरना दिया। दिनेश स्वामी 31 मार्च 2025 को गवर्नमेंट सी. सेकेंडरी स्कूल रतननगर से अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें अभी तक समर्पित अवकाश, ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन और जीपीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम सहारण के नेतृत्व में जिला कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल को ज्ञापन सौंपा। स्वामी ने बताया कि यह समस्या केवल उनकी नहीं है। पिछले छह महीने से कई सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी पेंशन और अन्य लाभों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। सरकार आर्थिक संकट का हवाला दे रही है, लेकिन यह संकट केवल कर्मचारियों के भुगतान के समय ही दिखाई देता है। स्वामी ने बताया कि लगभग तीन महीनों का भुगतान बकाया चल रहा है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते हुये भुगतान नहीं किया जाता है, तो हम जयपुर में भी धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इस अवसर पर धरना देने वालों में दिनेश स्वामी, पत्नी नंदिनी, पुत्र प्रशांत, पुत्रवधू दिव्या, पौत्र ध्रुव्र सहित पूरा परिवार धरने पर बैठा। वहीं राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम सहारण, दिनेश प्रजापत, वीरेंद्र पूनिया, कुलदीप ढ़ाका, सुनील जांगिड़, भूपेश शर्मा, रोहिताश माहिच, करणी सिंह, भारत भूषण, जगराज गौड़, मुकेश शर्मा सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

# 'हर पात्र मतदाता तक पहुँच सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता'

**सीकर।** भारत निर्वाचन आयोग की 'नो वोटर लेफ्ट बिहाइंड' पहल के तहत 18 वर्ष पूर्ण कर रहे पात्र नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने के लिए राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में स्टेट स्टीयरिंग कमिटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक आयोजित की गई।

महाजन ने कहा कि राज्य निर्वाचन विभाग सभी मतदाताओं, विशेषकर दिव्यांगजन को सुगम और समावेशी मतदान अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांग मतदाताओं की मतदान केंद्र तक आसान पहुँच सुनिश्चित करने हेतु विशेष व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। इसमें व्हीलचेयर, रैम्प, ऑडियो-विजुअल गाइडेंस सहित विभिन्न आवश्यक सुविधाएँ सम्मिलित हैं, जिससे सभी मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नवमतदाताओं को जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से कॉलेजों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब्स की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चिकित्सा, सामाजिक न्याय, उच्च शिक्षा सहित विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी वेबसाइट पर वोटर रजिस्ट्रेशन पोर्टल का लिंक अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही, विभागों द्वारा नागरिकों से प्राप्त किए जाने वाले आवेदन प्रपत्रों में मतदाता पंजीकरण से संबंधित विकल्प भी सम्मिलित किया जाए, ताकि पात्र नागरिकों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें वोटर बनाया जा सके।

महाजन ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु राज्य, जिला एवं कॉलेज स्तर पर दिव्यांग आइकन्स को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नामित किया जाए। इसके माध्यम से दिव्यांगजनों में मतदान के प्रति जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं और प्रसिद्ध व्यक्तित्वों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ा जाए और उनसे आग्रह किया जाए कि वे मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुँचाएं।बैठक में राज्य निर्वाचन विभाग के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न एनजीओ और हितधारक उपस्थित रहें।

# भागवत कथा का दुसरा दिन : 'प्रभु से बढ़कर कोई और सुख - सम्पदा नहीं'

**राजलदेसर,** कस्बे में प्रजापति भवन आथुणा बास में मां काली मंदिर के 14 वे प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक दंडी स्वामी शिवेंद्राश्रम महाराज ने अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है।जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है।श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहे हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछसीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नही कृष्णभक्ति में बिताएंवमनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिलाहै, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका साराध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंनेकहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। इस मौके पर मुख्य यजमान कैलाश कुचेरिया सहपत्निक व श्रद्धालुगणों ने महापुराण की आरती कर महाराज श्री से आशीर्वाद लिया।

# शहर में फैल रही गंदगी के कारण आम जनता में रोष

- **न्याय मित्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, नवलगढ़ में ईओ का पद रिक्त होने के कारण कार्य संचालन में हो रही अव्यवस्था**

**झुंझुनु।** जिले की नगर पालिका नवलगढ़ के लिए माननीय न्यायालय द्वारा नियुक्त न्याय मित्र केके गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक आवश्यक पत्र लिखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में आम जनता को हो रही मूलभूत समस्याओं के निराकरण करने सहित नगर पालिका कार्यालय में जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति किए जाने का आग्रह किया है। पत्र में न्याय मित्र गुप्ता ने बताया कि नवलगढ़ शहर जो पर्यटक नगरी है देश एवं विदेशी पर्यटक यहां भारी संख्या में आते है। जो कि शहर में अधिशाषी अधिकारी के अभाव में समस्त अव्यवस्था हो रही है। बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी भर रहा है।

सीवरेज का कार्य व्यवस्थित नहीं होने से गंदगी पानी में फैल रही है तथा घरों में गंदा पानी जाने की वजह से मौसमी बिमारियां फैलने की आशंका है। ऐसी स्थिति में सीवरेज लाईन को व्यवस्थित करवाने के साथ-साथ जहां-जहां कॉलोनी में पानी भर रहा है उसके निकासी की तत्काल व्यवस्था करना जनहित में आवश्यक है। गुप्ता ने बताया कि शहर के अंदर बेसहारा जानवर बड़ी संख्या में घूमते हुए देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही निकाय के कर्मचारियों द्वारा काइन हाउस के उचित प्रबंध नहीं किए जाने के कारण गौ माता भी सड़कों पर विचरण कर रही है। शहर के मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करते हुए अपने सामान को आगे फुटपाथ पर निकाल लिया गया है और स्ट्रीट वेंडर द्वारा फुटपाथ पर ही कब्जा कर लिया गया है जिस कारण से पैदल राहगीर को भारी समस्याएं हो रही है वहीं निर्धारित वाहन पार्किंग स्थान नहीं होने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था भी बिगड़ी हुई है। गुप्ता ने बताया कि अब मानसून आ चुका है लेकिन निकाय द्वारा इसके लिए किसी प्रकार की पूर्व तैयारी नहीं की गई थी जिस कारण से वर्षा जल की निकासी और उचित प्रबंधन के तहत शहर में बने हुए बड़े नालों की साफ सफाई नहीं की गई।

